राजस्थान में
एफआरएचएस इंडिया

FRHS INDIA
Children by choice, not chance

फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया) 2011 से राजस्थान में सरकार के साथ मिलकर परिवार नियोजन संबंधी कई सेवाएं प्रदान कर रहा है। हम राज्य में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों के बीच किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच में सुधार लाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

वर्ष 2011 में एक जिले से शुरुआत कर, हमने अपने कार्यक्षेत्र में बहुत वृद्धि की। आज हम राज्य के 22+ जिलों में 270+ सरकारी केंद्रों पर 3 करोड़ (30 मिलियन) से भी अधिक लोगों तक लाभ पहुँचा रहे हैं। अपने पहले वर्ष में हमने 56,104 क्लाइंट एवं 2019 में 66,181 क्लाइंट को सेवाएं प्रदान कीं। हम 2015 से राजस्थान में 9% की चक्रवृद्धि वार्षिक विकास दर से आगे बढ़ रहे हैं। हम 17 क्लिनिकल आउटरीच टीमों एवं तीन क्लिनिक के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और राजस्थान के नौ जिलों के 74 स्वास्थ्य केंद्रों पर सरकारी कर्मचारियों को सहयोग दे रहे हैं।

राजस्थान में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के सूचक

टोटल फर्टिलिटी रेट

राजस्थान		राष्ट्रीय
2.4	>	2.2

गर्भनिरोधक के लिए कुल अनमेट नीड

(स्पेसिंग के लिए अनमेट नीडः 5.7% एवं लिमिटिंग के लिए अनमेट नीडः 6.6%)

राजस्थान		राष्ट्रीय
12.3%	<	12.9%

आधुनिक गर्भनिरोधक की प्रचलित दर

राजस्थान		राष्ट्रीय
53.5%	>	47.8%

*Source: International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2017. National Family Health Survey (NFHS-4), 2015-16: India. Mumbai: IIPS.

हमारे सर्विस डिलीवरी चैनल

क्लिनिकल आउटरीच टीम (कौट)

कौट प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मचारियों से लैस टीम है जो सरकारी केंद्रों पर परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सलाह और सेवाएं (स्पेसिंग, लांग–एक्टींग रीवर्सिबल मेथड एवं स्थायी मेथड) प्रदान करती है।

पब्लिक सेक्टर सपोर्ट (पीएसएस)

राजस्थान में निर्धारित स्वास्थय केंद्रों पर सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर क्लाइंट के लिए परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं।

मैरी स्टोप्स क्लिनिक

मैरी स्टोप्स क्लिनिक वन स्टॉप सेंटर के रूप में अजमेर, जयपुर एवं बांसवाड़ा में परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी सुविधाएं किफायती दरों में प्रदान कर रहा है।

हमारे क्लाइंट एवं उनके अनुभव

91%
क्लाइंट अपने अनुभवों से **संतुष्ट** थे

81%
क्लाइंट जिन्हें विश्वास है की **एफआरएचएस इंडिया** ने उनकी उम्मीदों से बढ़कर कार्य किया

62%
क्लाइंट जिन्होंने कभी **परिवार नियोजन** के तरीके अपनाए ही नहीं

50%
क्लाइंट जिनके पास गर्भनिरोधक विधियों के लिए कोई **अन्य प्रदाता उपलब्ध** नहीं थे

38%
क्लाइंट जो **अत्यधिक गरीबी** में जी रहे हैं

क्लाइंट को 2019 में उपलब्ध कराई गई सेवाएं

63,558
महिलाओं को नसबंदी की सेवा प्रदान की

1,508
महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

568
पुरुषों को नसबंदी सेवा प्रदान की

496
महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात सेवा प्रदान की



*2019 में जिन जिलों में हमने सेवा प्रदान किए उन्हें नीले रंग में चिन्हित किया गया है।

2019 में हमारा प्रभाव

7,90,602
कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

34,302
अनचाहे गर्भ रोके

12,321
असुरक्षित गर्भपात रोके

27
मातृ मृत्यु (मेटरनल डेथ) रोकीं

उपलब्धियां और पुरस्कार

वर्ष 2012 से लगातार सात सालों तक 'परिवार नियोजन में सर्वश्रेष्ठ एनजीओ/बेस्ट एनजीओ इन फैमली प्लानिंग' पुरस्कार से राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित किया गया।

वर्ष 2019–20 में बीकानेर क्लिनिकल आउटरीच टीम को पुरुष नसबंदी सेवाओं के लिए मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

वर्ष 2018–19 में अलवर क्लिनिकल आउटरीच टीम को एनजीओ श्रेणी में 'बेस्ट फैमली प्लानिंग सर्विसेस' पुरस्कार से जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

वर्ष 2016–17 में चुरु क्लिनिकल आउटरीच टीम को एनजीओ श्रेणी में 'बेस्ट फैमली प्लानिंग सर्विसेस' पुरस्कार से जिला अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी की तरफ एफआरएचएस इंडिया का प्रयास

वर्ष 2010 में पिंकी नामक एक युवती को राजस्थान के सुदूर शहरों – सांगानेर और बस्सी में गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में महिलाओं को परामर्श देने का कार्य सौंपा गया। शुरुआत में, उसे इस कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा क्योंकि महिलाएं कम शिक्षित थीं। साथ ही, पुरुष प्रधान परिवारों में इन्हें अपनी मर्ज़ी से फ़ैसले लेने की आज़ादी भी नहीं थी। इसके बावजूद, अपनी ज़िद और सहानुभूति के साथ पिंकी गर्भनिरोधक साधनों की पहुँच में न सिर्फ अपनी क्लाइंट की परेशानियों को समझ पाई बल्कि उन्हें इसका समाधान भी बताया। परिणामस्वरूप, इन इलाकों में महिलाओं द्वारा गर्भनिरोधक साधनों का उपयोग बढ़ने लगा।

वर्ष 2013 में, एफआरएचएस इंडिया ने पुरुष नसबंदी पर जागरुकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरु किया। पिंकी महिलाओं का विश्वास पहले ही जीत चुकी थी। इसलिए समुदाय में रह रहे पुरुषों के बीच इस प्रक्रिया को अपनाने के लिए प्रेरित करने की ज़िम्मेदारी भी उसे ही सौंपी गई। लेकिन काफी पुरुषों ने उसका मज़ाक उड़ाया। इसके बावजूद, उसने हार नहीं मानी और आखिर में पुरुषों को नसबंदी से होने वाले लाभों को समझने में उनकी मदद की।

अब वह सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाली महिलाओं को परिवार नियोजन के तरीकों की पर्याप्त जानकारी एवं परामर्श प्रदान करती है। इस तरह वह सरकारी परामर्शदाताओं को सहयोग देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: info@frhsi.org.in **फोन:** 0141–3984499
राज्य कार्यालय: नलिनि हॉस्पिटल एंड रीसर्च सेंटर, ई–19, न्यू लाइट कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर – 302015, राजस्थान
मुख्यालय: बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049, **फोन:** +91 11 49840000, **वेबसाइट:** http://www.frhsi.org.in
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: @FoundationforReproHealthServicesIndia, @PratigyaRights